**दिनांक–30.01.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल–जमाव के निराकरण हेतु समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

दिनांक–30.01.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में ईखायुक्त, बिहार, गन्ना विभाग के अधिकारियों, सुगर मिलों के प्रतिनिधियों तथा जल संसाधन विभाग के संबंधित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, एवं कार्यपालक अभियंता के साथ गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल–जमाव के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल–जमाव के निराकरण हेतु दिनांक–30.12.2025 को दिये गये निदेशो के अनुपालन की समीक्षा की गई जिसमें मुख्यतः गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव के निराकरण हेतु किये जा रहे सर्वेक्षण कार्य एवं अद्यतन कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की गई। गन्ना आच्छादित जिलों यथा पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सीवान, समस्तीपुर एवं बेगुसराय जिलें में अभी तक कुल 134 योजनाओं का चयन किया गया है, जिससे लगभग 26,751.18 हेक्टेयर क्षेत्रफल को जल–जमाव से मुक्त किया जा सकेगा। मनरेगा तहत् गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव के निराकरण हेतु इस विभाग द्वारा अभी तक कुल 105 योजना की सूची को संबंधित जिला कार्यक्रम समन्वयक,मनरेगा को समर्पित किया जा चुका है।

गन्ना कृषि से संबंधित क्षेत्रो मे पूर्व में दिये गये निदेशो के आलोक में जल–जमाव के निराकरण हेतु चौरों से निसृत नालों, धारों एवं छोटी नदियों से गाद सफाई एवं निर्मित संरचनाओं का सर्वेक्षण कार्य प्रगति में है।

- **समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत् है :-**

1. गन्ना कृषि हेतु चीनी मिल के प्रतिनिधियों द्वारा हथुआ नहर से माह–मई से जून में सिंचाई हेतु अनुरोध किया गया। इस संबंध में हथुआ नहर से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

   **(कार्रवाई:–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/सिवान)**

2. त्रिवेणी नहर पर निर्मित क्रॉस ड्रेनेज एवं आउटलेट से सुगम जल निकासी हेतु योजनाओं को चिन्हित कर इसकी सूची विहित प्रपत्र में तैयार कर जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा को उपलब्ध कराये।
   **(कार्रवाई:–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर)**

3. पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल–जमाव के निराकरण के उद्देश्य से मसान नदी पर तटबंध निर्माण हेतु भू–अर्जन की प्रकिया पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

   **(कार्रवाई:–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर)**

4. गन्ना कृषि से संबंधित वैसे क्षेत्रों जहाँ पर मॉनसून अवधि में जल निकासी ससमय नही होने के कारण जल जमाव बना रहता है का नये सिरे से योजना बनाना है जिसमें चौर क्षेत्रों से जल की निकासी Machanical Means (यथा Pump set) से कर निकटवर्ती नदियों/नालाओं में निसृत किये जाने का प्रावधान सम्मिलित हो।

   **(कार्रवाई:– सभी संबंधित मुख्य अभियंता)**

5. गोपालगंज एवं सिवान जिलान्तर्गत गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव निराकरण हेतु चीनी मिल के प्रतिनिधियों द्वारा परिक्षेत्रावार उपलब्ध करायी गई सूची एवं मुख्य अभियंता, गोपालगंज द्वारा चिन्हित योजनओं की सूची में भिन्नता होने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गई। इस संबंध में मुख्य अभियंता, गोपालगंज को निदेशित किया कि गन्ना विभाग द्वारा परिक्षेत्रवार उपलब्ध कराये गये सूची के अनुरूप सर्वेक्षण कार्य कर सात दिनों के अन्दर विहित प्रपत्र में इसकी सूची जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा एवं विभाग को उपलब्ध कराये।

   **(कार्रवाई:–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज)**

6. पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, बेगुसराय एवं समस्तीपुर जिलें में गन्ना कृषि क्षेत्रों से जल जमाव के निराकरण हेतु गन्ना विभाग द्वारा दिये गये सूची के अनुरुप शेष बचे परिक्षेत्रों का सर्वेक्षण कर आवश्यकतानुसार योजनाओं की सूची 7 दिनों के अंदर तैयार कर संबंधित जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा एवं विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाईः-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर/गोपालगंज/समस्तीपुर)**

7. गन्ना कृषि विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कावर झील से निसृत चैनल पर चेक डैम निर्माण होने से गन्ना कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कावर झील को जोड़ने वाली विभिन्न नालों की उड़ाही एवं चेक डैम का निर्माण कार्य प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा से संबंधित योजना है। अतः इस संबंध में FMISC से समीक्षा कर वर्णित क्षेत्र पर प्रस्तावित चेक डैम का स्थल निरीक्षण एवं ड्रोन विडियोग्राफी कर समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाईः- अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण)**

8. मृत बागमती नदी का पंचायत वार योजनाओ की सूची 7 दिनों के अंदर विहित प्रपत्र में तैयार कर इसे जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा को उपलब्ध कराए ।

**(कार्रवाईः- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर)**

9. वर्तमान में गन्ना कृषि क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य प्रगति में है। अतः शेष बची योजनाओं को मनरेगा के वार्षिक कार्यक्रम में सम्मिलित करने के लिए अतिरिक्त पन्द्रह दिन का अवधि विस्तार हेतु ग्रामीण विकास विभाग से अनुरोध किया जा सकता है।

**(कार्रवाईः- अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल-4)**

10. बताया गया कि राज्य में कुछ चीनी मिल बंद पड़े हैं, उन्हे पुनः शुरु करने पर विचार किया जा रहा है, उन क्षेत्रों में सिचाई की स्थिति से अवगत कराने का अनुरोध ईखायुक्त बिहार, द्वारा किया गया। इस संदर्भ में उन क्षेत्रो का Google Map, KML file की मॉग की गई, जिसे उपलब्ध सिंचाई व्यवस्था के साथ मैपिंग कर गन्ना विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाईः- अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन/अ0धी0, सिं0मो0 अंचल)**

11. गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल-जमाव के निराकरण हेतु गन्ना विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराए गए परिक्षेत्रावार प्रस्तावित कार्यो पर मुख्य अभियंता द्वारा की गयी कार्रवाई की समीक्षा दिनांक-16.02.2026 को 02.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जायेगी।

**(कार्रवाईः-सभी संबंधित मुख्य अभियंता)**

12. बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण एवं सुगर मिल्स के प्रतिनिधिगण की सूची परिशिष्ट-02 में संलग्न है।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024-494 /पटना, दिनांक-04-02-2026

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

04/02/2026

(वरुण कुमार)

अभियंता प्रमुख,

बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024-494 /पटना, दिनांक-04-02-2026

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार को सूचनार्थ समर्पित।

04/02/2026

(वरुण कुमार)

अभियंता प्रमुख,

बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024-494 /पटना, दिनांक-04-02-2026

प्रतिलिपि- कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों के ई-मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

04/02/2026

(वरुण कुमार)

अभियंता प्रमुख,

बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024-494 /पटना, दिनांक-04-02-2026

प्रतिलिपि- श्री संजय कुमार सिंह, भा0प्र0से0, विशेष कार्य पदाधिकारी, गृह विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित। कृपया माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय को अवगत कराने की कृपा की जाय।

04/02/2026

(वरुण कुमार)

अभियंता प्रमुख,

बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

परिशिष्ट–1

## मनरेगा के माध्यम से जलरुद्ध क्षेत्रों/चौर से जल निकासी/तटबंध का सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु योजनाओं की ग्राम पंचायतवार सूची।

| क्र०सं० | प्रमंडल का नाम | जिला | प्रखंड | ग्राम पंचायत | योजना का नाम | Latitude/Longitude | | | योजना की अनुमानित लागत | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | Start Point | Mid point Point | End Point | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |

- **बैठक में उपस्थित पदाधिकारिगण एवं सुगर मिल्स के प्रतिनिधिगण की सूची।**

1. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार।
2. श्री अनिल कुमार झा, ईखायुक्त बिहार।
3. श्री वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।
4. श्री अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख, सिचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
5. श्री प्रमोद कुमार, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज।
6. श्री नवल किशोर भारती, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर।
7. श्री धमेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर।
8. श्री विवेक गौरव, अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना।
9. श्री अनिश रंजन अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, मोतिहारी।
10. श्री दिनेश कुमार, अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, गोपालगंज।
11. श्री गणेश प्रसाद सिंह, अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, समस्तीपुर।
12. श्री अवधेश कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल-4, पटना।
13. श्री टिंकु कुमार, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण रुपांकण प्रमंडल-4 पटना।
14. श्री आलोक कुमार, कार्यपालक अभियंता, एस.ई.डी.एम.।
15. श्री प्रफुल कुमार, कार्यपालक अभियंता, जल विज्ञान प्रमंडल-1 पटना।
16. श्री मदन चन्द चौधरी, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल सिवान।
17. मो0 साजिद ईकबाल, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल गोपालगंज।
18. श्री पवन कुमार, कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान।
19. श्री इफ्तेकार इमाम, कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, मोतिहारी।
20. श्री खुर्शीद अहमद, कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, बेतिया।
21. श्री कृपाल चौधरी, कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, समस्तीपुर।
22. श्री रामबाबु राय, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, छपरा।
23. श्री धम्मस्वरूप सुरेश प्रियदर्शी, अवर प्रमंडल पदाधिकारी-4, समस्तीपुर।
24. शिवांगी पाण्डेय, गन्ना अधिकारी समस्तीपुर।
25. श्री सौरभ सिन्हा, गन्ना अधिकारी मुजफ्फरपुर।
26. श्री पुष्कर राज, गन्ना अधिकारी दरभंगा।
27. श्री कमर कानन, गन्ना अधिकारी सिवान।
28. श्री शिव शंकर अजाद, गन्ना अधिकारी गोपालगंज।
29. श्री राम नारायण कुमार, एस.ओ. गन्ना।
30. श्री संजीव कुमार, डिप्टी सी.एम. एच.बी.एल. सुगौली।
31. श्री ए.के. सिंह, सी.सी.एम, मझौली सुगर मील।
32. श्री के.एस. ढाका, ई.भी.पी. (गन्ना), सुगर मील, नरकटियागंज।
33. श्री संजय कुमार मिश्रा, एस.एम. केन, प्रतापपुर सुगर मील।
34. श्री बी.एन. त्रिपाठी, जी.एम. केन, बगहा।

35. श्री गिरिजेश सिंह, डी.जी.एम. केन, विष्णु सुगर मील, गोपालगंज।

36. श्री राहुल कुमार, गन्ना अधिकारी मोतिहारी।

37. श्री श्रीराम सिंह, गन्ना अधिकारी, रामनगर अंचल, बेतिया।

38. श्री रेमंत झा, गन्ना अधिकारी, बेतिया अंचल, बेतिया।

39. श्री भी.सी. त्यागी, ई.पी., सिधवलिया, भारत सुगर।

40. श्री मनोज चन्द्र, ए.पी.एन.

41. श्री अमित कुमार, गन्ना प्रबंधक।

42. श्री अशोक मितल, ई.पी. हसनपुर।

43. श्री संजीव कुमार, डिप्टी सी.एम. एच.बी.एल. सुगौली।